न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

प्रकरण सख्या : 9/2021

01. परमेश्वर पुत्र पुरणमल जाति ब्राह्मण निवासी भावगढ़ तहसील मांगरोल
02. दिपेश पुत्र परमेश्वर नाबालिक जर्ये पिता परमेश्वर पुत्र पूरणमल जाति ब्राह्मण निवासी भावगढ़ तहसील मांगरोल

.....प्रार्थीगण

बनाम

01. सरपंच, ग्राम पंचायत जारेला पंचायत समिति अन्ता
02. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)

......अप्रार्थीगण

अपील बनाराजगी इन्तकाल नं0 415 दिनांक 20.02.2021 ग्राम पंचायत जारेला

पीठासीन अधिकारी : श्री शत्रुघ्न सिंह गुर्जर (आरएएस)
वकील वादी : श्री हरिओम प्रजापति
दायरा दिनांक : 23.07.2021

निर्णय दिनांक : 9.11.2021

निर्णय

प्रस्तुत वाद का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत अपील ग्राम भावगढ़ तहसील मांगरोल में स्थित खाता संख्या 42 की खसरा नं0 156/370 रकबा 0.16 है0, खसरा नं0 162 रकबा 0.90 है0, खसरा नं0 162/371 रकबा 0.47 है0, खसरा नं0 166/372 रकबा 0.40 है0, खसरा नं0 166/373 रकबा 0.13 है0, खसरा नं0 167/374 रकबा 0.16 है0 कुल किता 6 कुल रकबा 2.22 है0 भूमि में पूर्व खातेदार पूरनमल द्वारा रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 09.02.2021 को प्रार्थीगण के पक्ष में किया था। उक्त दानपत्र में प्रार्थी कम 2 का नाम दिपेश के स्थान पर नितेश दर्ज हो गया था। जिसका प्रार्थीगण ने रजिस्टर्ड शुद्धि पत्र दिनांक 10.03.2021 पंजीयन कराया व उक्त दानपत्र का इंतकाल शुद्धि पत्र के साथ दर्ज होना था लेकिन दानपत्र का इंतकाल संख्या 415 दिनांक 20.02.2021 को दर्ज कर दिया गया व दानपत्र इंतकाल गलत दर्ज हो गया जिससे प्रार्थीगण उक्त इंतकाल संख्या 415 दिनांक 20.02.2021 को खारिज करवाकर शुद्धि पत्र के साथ इंतकाल दर्ज करवाना चाहते है।

प्रकरण में पटवारी हल्का जारेला व तहसीलदार मांगरोल की तथ्यात्मक रिपोर्ट में भी अपील के तथ्यों की पुष्टि हुई है और दानग्रहिता कम 2 का नाम गलत दर्ज होना पाया गया है तथा प्रार्थीगण के दस्तावेजात दानपत्र प्रदर्श 01 शुद्धिपत्र प्रदर्श 02 इंतकाल नं0 415 प्रदर्श 03 जमाबंदी

उपखण्ड अधिकारी
मांगरोल जिला बारां (राज०)

Scanned by CamScanner

प्रदर्श 04 अंकतालिका प्रदर्श 05 के अवलोकन से भी उक्त इंतकाल नं0 415 गलत दर्ज होना प्रमाणित होता है।

अतः इंतकाल अपील स्वीकार की जाकर इंतकाल नं0 415 दिनांक 20.02.2021 ग्राम पंचायत जारेला पंचायत समिति अन्ता खारिज किया जाता है व तहसीलदार मांगरोल को आदेशित किया जाता है कि रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 07.02.2021 एवं शुद्धिपत्र दिनांक 10.03.2021 के अनुसार इंतकाल दर्ज किया जावें। पत्रावली फैशल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 09.11.2021 को प्रशासन गांव के संग अभियान–2021कोर्ट केम्प जारेला में मजमेआम सुनाया गया।

उप खण्ड अधिकारी

(शत्रुघ्न सिंह गुर्जर)

उपखण्ड अधिकारी

मांगरोल